**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 23.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ई-रिक्शा व बैटरी चोरी करने वाले 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की ई-रिक्शा व 04 बैटरी बरामद।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 23.10.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम पडुई के रहने वाले रामनरेश पुत्र इन्द्रजीत वर्मा दिनांक 21.10.2025 को कोतवाली नगर पर सूचना दी कि वह दिनांक 19.10.2025 को खूंटी चौराहे के पास अपना ई-रिक्शा खड़ा करके दुकान पर सामान लेने चला गया जब वह वापस आया तो उसका ई-रिक्शा किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। सूचना पर थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 23.10.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 03 अभियुक्तों को काशीराम कालोनी मर्दननाका गंछा रोड से गिरफ्तार किया गया मौके से ई-रिक्शा व चोरी की 04 बैटरी बरामद हुए है। बता दें कि अभियुक्त अरविन्द पूर्व में भी चोरी के मामलें में वर्ष 2024 में जेल जा चुका है तथा इस पर कोतवाली नगर, नरैनी, कालिजंर आदि थानों में करीब एक दर्जन मामलें दर्ज है।

**बरामदगी-**

- 01 ई-रिक्शा (चोरी के)
- 04 ई-रिक्शा की बैटरी (चोरी के)

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. अरविन्द पुत्र नत्थू निवासी मोतियारी थाना नरैनी जनपद बांदा।
2. रामसिंह पुत्र कमलू निवासी बड़ोखर बुजुर्ग थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
3. सुरेश पुत्र राममिलन निवासी देवी नगर कस्बा व थाना नरैनी जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 814/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. श्री अरविन्द कुमार मौर्य चौकी प्रभारी अलीगंज
2. हे0कां0 राकेश कुशवाहा
3. कां0 सचिन कुमार

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त अरविन्द आरख उपरोक्त का -**

1. मु0अ0सं0- 102/23 धारा 457/380/411 भादवि0 थाना कालिंजर
2. मु0अ0स0- 116/16 धारा 457/380/411 भादवि0 थाना नरैनी
3. मु0अ0सं0- 41/22 धारा 379/411 भादवि0 थाना नरैनी
4. मु0अ0सं0- 47/22 धारा 41/411 भादवि0 थाना नरैनी
5. मु0अ0स0- 802/21 धारा 379/411 भादवि0 थाना को0नगर बाँदा
6. मु0अ0सं0- 822/21 धारा 60 आब0 थाना को0नगर बाँदा
7. मु0अ0सं0- 1138/22 धारा 379/411/413 भादवि0 थाना को0नगर बाँदा
8. मु0अ0सं0- 1150/22 धारा 379/411/413 भादवि0 थाना को0नगर बाँदा
9. मु0अ0सं0- 1170/22 धारा 379/411/413 भादवि0 थाना को0नगर बाँदा
10. मु0अ0सं0 28/24 धारा 457/380/506/411 आईपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कालिंजर